दैनिक प्रातः कालीन www.knslive.com मुरादाबाद से प्रकाशित

# क्यूँ न लिखूँ सच

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI NO.UPBIL/2021/83001

वर्ष–04 अंक–18 मुरादाबाद,
09May, 2024 (Thursday)

मूल्य- 03 रुपये पृष्ठ–08

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीजीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,अलीगढ़, संभल, श्रावस्ती,अलीगढ़ और उत्तराखंड

page 3 गेहूं खरीद में मुरादाबाद संभाग लखनऊ से आगे, प्रदेश में दूसरा | page 5 एनसीसी कैडेट्स ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली | page 7 herbal remedies to get rid of body tan

# शहजादे घोषित करें, इस चुनाव में अंबानी-अडाणी से कितना माल उठाया: मोदी



**● प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को आरोप लगाया कि पिछले पांच सालों से सुबह उठते ही अंबानी और अडाणी के नाम की माला जपने वाले कांग्रेस के शहजादे ने उनसे कितना माल उठाया है जो लोकसभा चुनाव घोषित होते ही उन्होंने उन्हें गाली देना बंद कर दिया।**

**हैदराबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को आरोप लगाया कि पिछले पांच सालों से सुबह उठते ही अंबानी और अडाणी के नाम की माला जपने वाले कांग्रेस के शहजादे ने उनसे कितना माल उठाया है जो लोकसभा चुनाव घोषित होते ही उन्होंने उन्हें गाली देना बंद कर दिया। उन्होंने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल का नाम लिए बगैर दाल में कुछ काला होने की आशंका जताई कि कोई न कोई चोरी का माल टेम्पो भर-भर के आपने पाया है और उन्हें देश को इसका जवाब देना पड़ेगा। हैदराबाद से करीब 150 किलोमीटर दूर वेमुलावाड़ा में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने यह दावा भी किया कि देश में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के बाद कांग्रेस और उसके इंडी गठबंधन के घटक दलों का तीसरा फ्यूज उड़ गया है। उन्होंने कहा कि मतदान के चार चरण शेष हैं और जनता के आशीर्वाद से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) जीत की ओर बढ़ रहा है। मोदी ने कहा, आपने देखा होगा। कि कांग्रेस के शहजादे (राहुल गांधी की ओर इशारा करते हुए) पिछले पांच साल से सुबह उठते ही माला जपना शुरू करते थे। लेकिन जब से उनका राफेल वाला मामला ग्राउंडड हो गया तब से एक नई माला जपना शुरू किया। पांच साल से एक ही माला जपते थे। पांच उद्योगपति... फिर धीरे-धीरे कहने लगे... अंबानी, अडाणी... पांच साल से... लेकिन जब से चुनाव घोषित हुआ है इन्होंने अंबानी अडाणी को गाली देना बंद कर दिया। उन्होंने कहा, जरा ये शहजादे घोषित करे कि इस चुनाव में अंबानी अडाणी से कितना माल उठाया है? काले धन के कितने बोरे भर के रुपये मारे हैं? क्या टेम्पो भर के नोट कांग्रेस के लिए पहुंचे हैं क्या? क्या सौदा हुआ है कि आपने रातों-रात अंबानी, अडाणी को गाली देना बंद कर दिया? जरूर दाल में कुछ काला है। पांच साल तक अंबानी, अडाणी को गाली दी और रातों रात गालियां बंद हो गई। मतलब कोई न कोई चोरी का माल टेम्पो भर-भर के आपने पाया है। ये जवाब देना पड़ेगा देश को। मोदी सरकार पर हमला करने के लिए कांग्रेस, प्रधानमंत्री मोदी पर व्यवसायी गौतम अडानी और मुकेश अंबानी सहित देश के शीर्ष पांच उद्योगपतियों का पक्ष लेने का आरोप लगाती रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) का मजाक उड़ाते हुए कहा, तीसरे चरण के चुनाव के बाद कांग्रेस और इंडी गठबंधन का तीसरा फ्यूज उड़ गया है। मोदी और भाजपा के कुछ नेता विपक्षी गठबंधन को इंडी गठबंधन कहते हैं। कांग्रेस और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत में यकीन करती है जबकि कांग्रेस और बीआरएस के लिए परिवार प्रथम है। उन्होंने कहा कि बीआरएस और कांग्रेस ने भ्रष्टाचार पर एक-दूसरे की खुलकर आलोचना की है लेकिन दोनों दलों के बीच भ्रष्टाचार एक सामान्य कारक है। मोदी ने कटाक्ष किया कि कांग्रेस ने पांच साल तक अडाणी और अंबानी के नाम का जाप किया और लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद यह बंद कर दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को देश को जवाब देना चाहिए। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्य में डबल आर (आरआर) कर को लेकर दिल्ली तक खूब चर्चा हो रही है।

## रामगोपाल के बयान पर भड़के शाह

# जरा भी गलती की तो ये राममंदिर पर बाबरी नाम का ताला लगा देंगे



**● लखीमपुर के राजकीय इंटर कॉलेज मैदान में आयोजित चुनावी जनसभा में गृहमंत्री अमित शाह ने विपक्षी गठबंधन पर निशाना साधा। सपा नेता रामगोपाल यादव के बयान को लेकर अखिलेश यादव पर सियासी तीर चलाए। राहुल गांधी पर भी तंज कसे।**

**लखीमपुर खीरी।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को लखीमपुर में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। सपा नेता रामगोपाल यादव के बयान पर उन्होंने कहा कि ये राम मंदिर को बेकार बताते हैं। जरा भी गलती की तो ये राम मंदिर पर बाबरी नाम का ताला लगाने का काम करेंगे। शाह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जब सपा की सरकार थी। गुंडई चलती थी। जमीनों पर कब्जे होते थे। होली दिवाली के दिन बिजली नहीं आती थी और रमजान में 24 घंटे बिजली रहती थी। अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस, सपा और बसपा वाले झूठा प्रचार कर भाजपा और मोदी को बदनाम कर रहे हैं। यह कह रहे हैं कि मोदी को 400 सीटें दोगे तो आरक्षण चला जाएगा। उन्होंने कहा कि कर्नाटक के अंदर कांग्रेस को बहुमत मिला। वहां पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को काटकर मुसलमानों को पांच प्रतिशत आरक्षण दे दिया। पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को काटने का काम कांग्रेस पार्टी ने किया। गृहमंत्री ने संविधान विरोधी मुस्लिम आरक्षण को समाप्त करने की बात कही। राहुल गांधी पर साधा निशाना गृहमंत्री ने कहा कि राहुल बाबा कहते हैं एक झटके में गरीबी मिटा देंगे। आपकी दादी ने एक झटके आपातकाल लगाया। पिताजी ने एक झटके में तीन तलाक इंट्रोड्यूज किया। आपकी पार्टी ने झटके में पिछड़े वर्ग का आरक्षण छीनने का काम किया। गृहमंत्री ने अपने संबोधन में सीएए का जिक्र कर कांग्रेस पर निशाना साधा। कहा कि राहुल बाबा कहते हैं कि हम सीएए हटा देंगे। अरे राहुल बाबा... आपकी नानी भी ऊपर से आ जाएं तो सीएए नहीं हटेगा। विपक्षी गठबंधन पर कहा कि इनके पास तो प्रधानमंत्री पद का प्रत्याशी ही नहीं है। इनके पास न नेता है, न नियत है और न नीति है। सिर्फ परिवारवाद है। सपा, कांग्रेस और बसपा का सूपड़ा साफ- शाह उन्होंने कहा कि तीसरे चरण का चुनाव हो गया है। मोदी 190 सीटें पार कर गए हैं। चौथे चरण में और मजबूती से आगे बढ़ रहे हैं। सपा, कांग्रेस और बसपा का सूपड़ा साफ हो गया है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। तीन करोड़ गरीब बहनों को लखपति बनाने का चुनाव है। चार लाख गरीबों को घर देना का चुनाव है। लोगों को समृद्धि बनाने का चुनाव है।

## फास्ट न्यूज

### गुजरात के सौराष्ट्र में कांपी धरती, फिलहाल कोई नुकसान नहीं

**अहमदाबाद ।** गुजरात के सौराष्ट्र में बुधवार दोपहर भूकंप के झटके महसूस किए गए। गुजरात राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मुताबिक, दोपहर 3:18 बजे सौराष्ट्र




में तलाला से 12 किमी उत्तर-उत्तर पूर्व में भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 3.4 मापी गई। फिलहाल किसी भी तरह के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। हालांकि, भूकंप से लोगों में दहशत का माहौल है।

# रामगोपाल को राम मंदिर अच्छा नहीं लगेगा, ये तो आतंकवादियों को जेल से छुड़ाते थे:सीएम



**● एटा के डीएवी मैदान में सीएम योगी आदित्यनाथ ने चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान वह विपक्ष पर जमकर बरसे।**

**एटा।** उत्तर प्रदेश के एटा में बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहुंचे। यहां उन्होंने फरुर्खाबाद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी मुकेश राजपूत के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। सीएम की सभा अलीगंज विधानसभा क्षेत्र के डीएवी मैदान में हुई। इस दौरान सीएम ने विपक्ष को आड़े हाथों लिया। सीएम ने कहा कि जो पहले गरीबों की जमीनों पर कब्जा करते थे, बेटियों के लिए परेशानी बनते थे। व्यापारियों के लिए मुसीबत बनते थे। आज उनके गले में तख्ती देखकर अच्छा लगता है न। कहा कि रामगोपाल यादव को राम मंदिर अच्छा नहीं लगेगा ये लोग तो आतंकवादियों को जेल से छुड़ाते थे। कहा कि सपा को नौजवानों की चिंता नहीं थी, बेटियों की चिंता नहीं थी, व्यापारियों की चिंता नहीं थी। इन्हें आतंकवादियों की चिंता थी। 2012 में सरकार बनने के बाद सबसे पहले आतंकवादियों के मुकदमे वापस लेने का निर्णय दिया था। कहा कि लोगों को विकास और सुरक्षा पर विश्वास हुआ है। अब किसी की जमीन पर कब्जा नहीं होता है। सीएम ने कहा कि मोदी की यही गांरटी है कि गुलामी की आदत से छुटकारा दिलाना है, लोगों की विरासत को सहेजना है। सभी लोग आपनमा काम करें। लोगों की सुरक्षा और विकास का काम लखनऊ और दिल्ली की सरकार देख लेगी। कहा कि आज विश्व में भारत का परचन लहरा रहा है। गरीब कल्याणकारी योजनाओं को जनता के बीच पहुंचाया जा रहा है। कहा कि भारत सरियत और जिहाद से नहीं चलेगा। भारत बाबा साहेब के संविधान से चलेगा। कहा कि बाब साहेब के समय में लोग भूखों मरते थे, आज सभी को फ्री राशन मिलता है। कहा कि आज हर परिवार को आयुष्मान भारत के कार्ड से पांच लाख तक का फ्री इलाज मिलता है। इसके अलावा जिसके पास यह कार्ड नहीं है वह मंत्री, विधायक, सांसद, पूर्व विधायक या खुद सरकार को पत्र लिखे, यदि वह इलाज नहीं करा पा रहा तो सरकार उसका इलाज कराती है। कहा कि पहले नौकरियां सरकार में बैठे लोग हड़प जाते थे। आज नौजवान के नौकरियों में सेंध लगाने वाले लोगों को जेल में डाल रहे हैं। कहा कि सपा कार्यकाल में प्रयागराज में राजू पाल की हत्या हुई। सरकार ने

### केजरीवाल को नहीं मिली राहत, सुविधाओं की मांग करने वाली जनहित याचिका खारिज


**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने जेल से सरकार चलाने के वास्ते मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लिए उपयुक्त इंतजाम करने की अपील करते



हुए एक वकील द्वारा दायर की गई एक जनहित याचिका को बुधवार को एक लाख रुपये के जुमार्ने के साथ खारिज कर दिया। याचिकाकर्ता ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा को केजरीवाल के इस्तीफे के लिए अनुचित दबाव डालने से रोकने की भी मांग की थी। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अगुवाई वाली एक पीठ ने कहा कि चूंकि आप नेता अपनी गिरफ्तारी के विरूद्ध पहले ही उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटा चुके हैं, ऐसे में न्यायिक हिरासत में उन्हें कोई सुविधा प्रदान करने के संबंध में किसी आदेश की अपील न की जाए। न्यायमूर्ति मनमोहन और न्यायमूर्ति पी एस अरोड़ा की इस पीठ ने कहा कि यह अदालत मीडिया पर सेंसरशिप नहीं लगा सकती और न ही राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को बयान देने से रोक सकती है। उच्च न्यायालय ने कहा, क्या हम आपातकाल लगाते हैं? क्या हम सेंसशरिप लगाते हैं? हम मार्शल लॉ लगाते हैं? हम कैसे प्रेस पर पाबंदी लगा दें? राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों (का मुंह बंद कर दें)?

## सैम पित्रोदा ने फिर दिया विवादास्पद बयान

# पूर्वी भारतीय चीनी लगते हैं तो दक्षिण के अफ्रीकी



**● सैम पित्रोदा ने भारत की विविधता पर बात करते हुए कहा कि भारत में पूर्व के लोग चीनी जैसे लगते हैं तो दक्षिण में लोग अफ्रीकी लगते हैं। पश्चिम में रहने वाले लोग अरबी जैसे दिखते हैं।**

**नई दिल्ली ।** कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा ने एक बार फिर कुछ ऐसा कहा है, जिस पर विवाद हो गया है। दरअसल सैम पित्रोदा ने भारत की विविधता पर बात करते हुए कहा कि भारत में पूर्व के लोग चीनी जैसे लगते हैं तो दक्षिण में लोग अफ्रीकी लगते हैं। वहीं पश्चिम में लोग अरबी लगते हैं और उत्तर भारतीय गोरे होते हैं। हाल ही में सैम पित्रोदा ने विरासत टैक्स को लेकर टिप्पणी की थी, पित्रोदा के उस बयान पर भी खूब विवाद हुआ था। भारत की विविधता पर पित्रोदा ने कही ये बात अंग्रेजी अखबार द स्टेट्समैन को दिए एक इंटरव्यू में सैम पित्रोदा ने ये बयान दिया। उन्होंने कहा कि 'हम भारत जैसे विविधता से भरे देश को एकजुट रख सकते हैं, जहां पूर्व के लोग चीनी जैसे लगते हैं, पश्चिम के लोग अरब जैसे दिखते हैं, उत्तर के लोग गोरों जैसे और दक्षिण भारतीय अफ्रीकी जैसे लगते हैं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता, हम सभी बहन-भाई हैं।' पित्रोदा ने कहा कि भारत में अलग-अलग क्षेत्र के लोगों के रीति-रिवाज, खान-पान, धर्म, भाषा अलग-अलग हैं, लेकिन भारत के लोग एक-दूसरे का सम्मान करते हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि देश के लोग 75 वर्षों तक एक सुखद वातावरण में रहे हैं, कुछ लड़ाइयों को छोड़ दें तो लोग साथ रह सकते हैं। सैम पित्रोदा के बयान पर भाजपा नेताओं ने निशाना साधना भी शुरू कर दिया है। असम के सीएम हिमंता बिस्व सरमा ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में पित्रोदा के बयान पर निशाना साधते हुए।

## प्रियंका ने रायबरेली में शुरू किया प्रचार

# मोदी जी ने आपकी मदद करने की जगह राशन का बोरा पकड़ा दिया

**रायबरेली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने रायबरेली में अपने भाई राहुल गांधी के लिए चुनाव प्रचार शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने आपकी मुश्किलें कम करने की जगह आपको पांच किलो राशन का बोरा पकड़ा दिया है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने भाई राहुल गांधी के लिए बुधवार से प्रचार शुरू कर दिया। बछरावां विधानसभा क्षेत्र के फुलवासा में आयोजित नुक्कड़ सभा में प्रियंका गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने आपकी जरूरतें



और मदद करने की बजाय पांच किलो राशन का बोरा थमा दिया। पांच किलो राशन से क्या होने वाला है? मोदी सरकार में जनता महंगाई और बेरोजगारी से परेशान है। अपने संबोधन में प्रियंका ने रायबरेली से अपने परिवार के जुड़ाव का इतिहास भी बताया। उन्होंने कहा कि 103 साल पहले किसान आंदोलन के दौरान नेहरू जी ने यहीं गिरफ्तारी दी थी। भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि यह लोग बेरोजगारी और महंगाई जैसे जनता से जुड़े मुद्दों पर बात नहीं करते हैं। कांग्रेस आई तो नौजवानों को रोजगार मिलेगा और ग्रेजुएट को एक लाख रुपये दिए जाएंगे।

### हैदराबाद में दर्दनाक हादसा बारिश के कारण दीवार गिरने से 7 लोगों की मौत

**हैदराबाद।** हैदराबाद के बाचूपल्ली इलाके में भारी बारिश के कारण एक निमार्णाधीन भवन की दीवार गिरने से चार साल के एक बच्चे समेत सात लोगों



की मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। बाचूपल्ली पुलिस के अनुसार घटना मंगलवार रात की है और इसमें मारे गए लोग ओडिशा तथा छत्तीसगढ़ के रहने वाले प्रवासी श्रमिक थे। पुलिस ने बताया कि बुधवार सुबह खुदाई करने वाली मशीन की मदद से मलबे से उनके शव निकाले गए। हैदराबाद और तेलंगाना के अनेक हिस्सों में मंगलवार को भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। शहर में कई जगहों पर जलभराव की वजह से यातायात अवरुद्ध रहा। ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम के अधिकारियों के अनुसार आपदा राहत बल (डीआरएफ) के दलों को पानी निकालने और रास्तों पर गिरे हुए पेड़ों को हटाने के काम पर लगाया गया है।

# माताओं और बहनों का हुआ अपमान

## इस बार बदलाव नहीं, ममता की बदला लेने की चेतावनी!

**पश्चिम बंगाल ।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा वोट खरीदने के लिए लोगों को पैसे दे रही है। तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार मिताली बाग के समर्थन में आरामबाग में एक चुनावी रैली में बोलते हुए, बनर्जी ने आरोप लगाया कि भगवा पार्टी वोट खरीदने के लिए लोगों को 5,000 रुपये, 10,000 रुपये और 15,000 रुपये तक पैसे दे रही है। वर्तमान में भाजपा



नेता पूर्व सीपीआई (एम) 'हरमद' (असामाजिक) हैं। यदि आप नहीं चाहते कि आतंक का राज कायम हो तो भाजपा को वोट देने से बचें। 2011 में जब ममता बनर्जी सत्ता में आईं तो कहा गया था कि वे परिवर्तन नहीं बदलाव चाहती हैं। लेकिन उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान इस बार बदला लेने की चेतावनी दी।

# 400 पार का नारा देने वालों की भाषा बदल गई, भाजपा को बताया झूठ का शहंशाह



**शाहजहाँपुर।** शाहजहांपुर में सपा प्रत्याशी के पक्ष में जनसभा करते हुए अखिलेश यादव ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि झूठ के शहंशाह भाजपा वालों के खिलाफ मतदान कर इनका सफाया कर देना। शाहजहांपुर में सपा प्रमुख पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि 400 पार का नारा देने वालों की भाषा ही बदल गई है। आजकल बड़ी-बड़ी होर्डिंग में डबल इंजन की सरकार का एक इंजन ही गायब हो गया है। भाजपा वालों ने पहले ही स्वीकार कर लिया कि खटारा इंजन को बदल देना है। शाहजहांपुर के बरेली मोड़ स्थित मैदान में सपा प्रत्याशी के पक्ष में जनसभा करने आए राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि झूठ के शहंशाह भाजपा वालों के खिलाफ मतदान कर इनका सफाया कर देना। अखिलेश ने कहा कि कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री भी शाहजहांपुर आए थे। लखनऊ वाले भी आने वाले होंगे। दोनों सरकारों ने बड़े-बड़े वादे और बातें की। उनका हिसाब-किताब करने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि गांव-गांव विकसित यात्रा निकालने वाले किसानों को उनकी फसल का वाजिब मूल्य नहीं दे पा रहे हैं। पेपर लीक का मुद्दा उठाया उन्होंने ऐलान किया कि गठबंधन की सरकार आई तो एमएसपी कानून लागू होगा। साथ ही किसानों को उनकी फसल का वाजिब मूल्य भी दिया जाएगा। अखिलेश यादव ने पेपर लीक के मुद्दे को उठाते हुए युवाओं से संवाद करते हुए कहा कि इस बार नौजवानों ने सोचा था कि पेपर लीक नहीं होगा, लेकिन दो दिन परीक्षा कराने के बाद फिर से पेपर लीक हो गया। सरकार युवाओं को रोजगार और नौकरी नहीं दे पा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा वालों ने वोट के लिए राशन में रिफाइंड, दाल और चने तक दिए, लेकिन अब वह बाजरा दे रहे हैं।

# Editorial

## The die is cast

Yesterday, Prime Minister Modi exercised his voting right. He was vocal about India's exemplary democratic process on the global stage. Indeed, the complexity of Indian elections, given the vastness of the nation and its electorate, makes their execution a challenging feat. As the 2024 Lok Sabha election reaches midway, India's political arena brims with fervour, anticipation, and meticulous scrutiny. The third phase of voting holds particular significance, especially for the Bharatiya Janata Party (BJP), with voting taking place in Gujarat, the home turf of Prime Minister Modi, and Amit Shah, the Home Minister. The presence of both leaders casting their votes amplifies the importance of this phase, shaping the election's narrative thus far. The third phase encompassed 11 States and Union territories, witnessing 93 constituencies participating in the electoral process. Notably, the BJP secured victory in the Surat constituency in Gujarat uncontested. With voting in 283 Lok Sabha seats (52 per cent of total Lok Sabha seats) complete, the election is less than a month away from its logical conclusion. After four more phases, the results would be out on June 4. What set the third phase apart was the presence of several constituencies where notable figures were contesting. This phase hosted several prominent candidates, including Amit Shah (BJP) from Gandhi Nagar, Gujarat; Digvijaya Singh (Congress) from Rajgarh, Madhya Pradesh; Shivraj Singh Chouhan (BJP) from Vidisha, Madhya Pradesh; Dimple Yadav (Samajwadi Party) from Mainpuri, Uttar Pradesh; Supriya Sule (NCP - Sharad Pawar) from Baramati, Maharashtra; Jyotiraditya Scindia (BJP) from Guna, Madhya Pradesh; Pralhad Joshi (BJP) from Dharwad, Karnataka; and KS Eshwarappa (BJP) from Shimoga, Karnataka, among others. The Election Commission reported a turnout of 66.14 per cent and 66.71 per cent for the first and second phases, respectively. The third phase was no different in terms of voter turnout. With the completion of the third phase, the fate of 283 Lok Sabha seats has been sealed, marking the election's midpoint with 52% of seats voted upon. The persistently low turnout across all phases raises concerns for both democracy and political parties, each grappling with the challenge of ensuring voter participation. For the BJP, the third phase holds immense significance. As a party entrenched in power since 2014, it faces the daunting task of not only maintaining its stronghold but also expanding its influence across diverse regions of the nation. As the Lok Sabha election unfolds, discernible trends and dynamics offer insights into the nation's pulse. Despite facing formidable challenges, the BJP leverages its organisational strength, robust campaign machinery, and Modi's charismatic leadership to maintain its competitive edge. However, navigating through economic concerns, social tensions, and regional disparities presents formidable obstacles. The outcome of this phase serves as a litmus test for the BJP's policies and leadership shaping the trajectory of Indian politics.

# Global South's cultural diplomacy

As we inch closer to the second week of May, excitement for the forthcoming 77th edition of the Cannes Film Festival is reaching a crescendo. The Cannes Film Festival, since its inception, has been hailed as the platform celebrating the joy and creativity of cinema, the high point of confluence of cultures, and talents, and an assembly of masters of storytelling. In recent years, its stage has increasingly spotlighted the cinematic voices of the Global South, a trend underscored by the burgeoning presence of films from Africa, South Asia and Southeast Asia. Building on last year's diverse selection from Japan, China, and South Korea, Cannes in its 77th edition, from 14th to 25th May 2024, reaffirms its commitment to amplifying varied narratives and perspectives. This year's edition promises to continue this trajectory, featuring standout entries like "All We Imagine As Light" by Indian filmmaker Payal Kapadia, "Boku No Ohisama (My Sunshine)" by the acclaimed Japanese filmmaker Hiroshi Okuyama, "Viet And Nam" by Vietnamese filmmaker Truong Minh Quý, and "The Village Next to Paradise" by Somalian filmmaker Mo Harawe. These selections highlight the new creative talent spots for cinema. With the evolving world, there is a deeper significance highlighted by the recognition of cinema as a potent tool of soft power by countries in the Global South. Across the continents of Africa, Asia, and Latin America, nations have increasingly acknowledged the power



of storytelling through cinema as a means to amplify their cultural influence and enhance their global standing. Over the past two years Cannes Film Festival has seen a dynamic shift in programming, from a European narrative to a more perceptive Southern inclusion and interconnection. In the borderless world that we live in today, the prominence of the Global South as a group has risen despite being dominated by multipolarity. Enhanced communication and the growing effects of globalisation have blurred geographical boundaries, ushering in a new era where technology plays a pivotal role in shaping interactions. This transition has reverberated across various realms, including the cinematic sphere, where soft power finds expression on prestigious platforms. Cannes truly give the Global South a platform for creativity on the silver screenNomination and participation in prestigious festivals like Cannes are not merely accolades but recognition of the importance of soft power in the creative ecosystem. By showcasing their cinematic prowess and an amalgamation of their creative skills on a global stage, countries in the Global South seek to assert their cultural identity, foster cross-cultural dialogue, and bolster diplomatic ties. In an era where cultural diplomacy holds increasing sway, the Cannes Film Festival serves as a creative platform for nations to assert their soft power through the medium of cinema. Through their cinematic endeavours, these filmmakers become cultural ambassadors, bridging divides and fostering mutual understanding between nations.At the helm of the 77th Cannes Film Festival jury stands Greta Gerwig, both an accomplished actor and a filmmaker. Gerwig's appointment signals a broader effort towards gender representation at Cannes, a realm historically dominated by male voices. Symbolising a step towards inclusivity and recognition of the invaluable contributions of women in shaping cinematic discourse. As the jury list for this year awaits announcement, anticipation brews for a lineup that mirrors the festival's commitment to diversity, echoing last year's eclectic mix of talents from Argentina, Afghanistan, Morocco, Zambia, and beyond. Amidst the glitz and glamour, the Marché du Film emerges as a vital nexus for industry professionals, offering a platform for networking, deal-making, and creative exchange. With its finger firmly on the pulse of evolving industry dynamics, the Marché du Film embraces innovation and adaptation. Recognising the need to cater to the ever-changing landscape of filmmaking, it champions emerging trends, technologies, and voices, fostering a conducive environment for the flourishing growth of the global film industry. As over 14,000 industry professionals converge in Cannes annually to present and explore nearly 4,000 films and projects, the Marché du Film serves as a catalyst, urging professionals to elevate their business acumen and seize new opportunities. Indeed, Cannes itself is a reflection of society's evolution, a microcosm of shifting cultural paradigms and technological advancements. Embracing the ethos of change, the Festival de Cannes introduces innovative elements to its programming, staying at the vanguard of storytelling in the digital age. One of the nominations for this year's Immersive Competition includes 'Maya: The Birth of a Superhero', an XR experience created by Poulomi Basu, an Indian artist and CJ Clarke.The announcement of eight projects as part of the Immersive Competition heralds a bold foray into uncharted territory, encompassing location-based virtual reality, mixed reality experiences, projection mapping, and holographic works. Amid these shifts, India shines bright with the participation of Payal Kapadia, Sandhya Suri's "Santosh", FTII's "Sunflowers Were the First Ones to Know" and the screening of Shyam Benegal's "Manthan". As the global cinematic landscape continues to evolve, Cannes remains steadfast in its mission to celebrate the myriad voices that enrich the tapestry of world cinema.

# Elected leaders need to rethink

These are election times and each one of us is a part of the process. These are also times of model code of conduct in the shape of guidelines for political parties and candidates. There are restrictions imposed by the election commission on the maximum expenditure a candidate could incur. Everyone knows what happens to it! In general, people are no more worried about spiralling high expenses that the spread of elections imposes on the candidate and State exchequer.The spread of elections leads to avoidable wastage of manpower and other resources required to conduct and complete the process. The worst sufferers are the schoolchildren, as teachers are the most easily available manpower for elections at every stage! Once elected, no one is willing to pave the way for the generation next! Election times also reveal the behavioural decline amongst those who had tasted the fruits of power earlier but were dethroned by the people.Their frustrations even bring forth utterances that may be blatantly unsocial, personal and not acceptable in a civil society. The elders have created conditions that demand innovative action by the young 'millennials' who must realize how their elders have decimated the basic principles of democracy by taking recourse to caste combinations, igniting regional and linguistic sentiments, and creating communal antagonism at the cost of deteriorating social cohesion! Independent India began its new journey at around 18% of literacy, today its boosts to nearly 80% of it despite the population increase of over 100 crores. We are a learning society. Our international standing is at its best after independence. One wonders why the language used by politicians against each other should become so coarse and uncivil. It could put to shame any decent educated person.Respect for the learned, committed and experienced is one of the most liked of the treasures of our heritage which unfortunately stands torn to tatters. India shall never be in a position to ignore the presence of great luminaries of contemporary times like Gandhi, Patel, Subhash Bose, Nehru, Rajendra Prasad and others. How could anyone who wishes to understand India do so without getting familiar with Swami Vivekananda, Ramkrishna Paramhans, Tagore or Sri Aurobindo? Hope lies only in those who were in schools a couple of years ago, and were mesmerized by a saint-scientist; the indomitable APJ Abdul Kalam. I had personally witnessed on numerous occasions how children of India fell in love with him. It was not because of his position or the Pokhran II, it was because of the love his persona emanated for every child, every Indian! India stands blessed with numerous such luminaries who could make a change in the area around their place. One wishes political aspirants learn from APJ, and other luminaries how to deal with people! APJ Abdul Kalam was one of the most admired and loved celebrities during the millennial transition to the 21st century. He was a professional leader who led by example, through heart-to-heart connections with one and all. His dedication and devotion to the national cause were of the highest order. He inspired, he motivated and he achieved his target with gusto. He could win over every Indian irrespective of their socio-economic station in life, his profession or his ideological leanings. APJ endeared himself particularly to the children of India in whom he could see the emerging India, the future Inda! He ignited the curiosity and creativity of millions of children. He gave them 'wings of fire'. He entered the Rashtarpati Bhavan with two bags and left with the same after five years. India needs people with such personalities right from the panchayat level to the Parliament with whom every individual could feel connected, who may be acknowledged as 'approachable'. All this, and much more; reverberates in one's mind as various inputs concerning the general elections float before everyone. Each one of us who has voted over a dozen times in general elections would love to talk about the drastic change that has occurred in the quality of leadership on a larger scale, the deterioration in mutual respect and regard amongst those in public life, in power or opposition.We are witness to the usage of a language for the opponents that would have shamed everyone some five decades ago. Today, no one seems to be worried about it. The only encouraging sign is that all this is being noted by the voters, and they are despising it. In the long run, one could say with confidence that it would not work in favour of the truants. Sadly enough, the defects of elections about whom Gandhi had written as early as 1922, have reached every stage of elections, including even those of panchayat Raj bodiesOne must not give up hope. And there is always hope for the better after having reached the bottom. Articulating the normal expectations from the elected representatives, APJ Abdul Kalam was giving voice to every sane Indian: "It has become crucial for us to be clear about what we can rightly expect from our leaders, from panchayat members to local councillors of a municipal corporation to members of parliament." In other words, there has to be ownership.

# गेहूं खरीद में मुरादाबाद संभाग लखनऊ से आगे, प्रदेश में दूसरा स्थान

मुरादाबाद, । गेहूं खरीद में मुरादाबाद संभाग लखनऊ से भी आगे आकर दूसरे स्थान पर पहुंचा है। जबकि बरेली सर्वाधिक खरीद के साथ टाप फाइव में प्रथम स्थान पर है। मुरादाबाद संभाग में अब तक 76,396 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया है। जबकि 13,46,89 मीट्रिक टन के साथ बरेली संभाग प्रदेश में पहले स्थान पर बना है। प्रदेश में सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं खरीद शासन की प्राथमिकता है। शासन की नीतियों को साकार करते हुए मुरादाबाद संभाग प्रदेश में टाप फाइव की सूची में दूसरे स्थान पर है। यहां अब तक 76,396 मीट्रिक टन गेहूं खरीद हुई है। जबकि पहले स्थान पर बरेली मंडल में 1,34,689 मीट्रिक टन



गेहूं की खरीद हुई है। मुरादाबाद संभाग की स्थिति प्रदेश की राजधानी लखनऊ से भी बेहतर है। लखनऊ खरीद के मामले में चौथे और चित्रकूट मंडल पांचवें स्थान पर बना है। लखनऊ में 55,274 और झांसी में 65,584 मीट्रिक टन खरीद हुई है।

गेहूं खरीद में पांच शीर्ष संभाग की स्थिति

मंडल खरीद (मीट्रिक टन में)

बरेली 1,34,689
मुरादाबाद 76,396
झांसी 65,584
लखनऊ 55,274
चित्रकूट 48,203

जिलेवार रैकिंग में मुरादाबाद 10वें नंबर पर

जिला खरीद (मीट्रिक टन में)

शाहजहांपुर 59,102
जालौन 29,515
बरेली 28,598
पीलीभीत 27,522
खीरी 26,420
रामपुर 25,740
हमीरपुर 23,574
झांसी 24,153
सम्भल 21,726
मुरादाबाद 21,554 मीट्रिक टन

मुरादाबाद संभाग खरीद में पहले से बेहतर स्थिति में है। प्रदेश में गेहूं खरीद के मामले में मुरादाबाद मंडल दूसरे स्थान पर है। जो लखनऊ से भी बेहतर स्थिति है। इसमें और तेजी लाने का निर्देश अधिकारियों व खरीद एजेंसियों के प्रभारियों को दिया है। जल्द ही आंकड़े और बेहतर होंगे।

## कुत्तों का आतंक:सात साल की मासूम पर आवारा कुत्तों का हमला...मुंह और कंधे पर काटा टांग भी नोच डाली, लहूलुहान हालत में अस्पताल में भर्ती

मुरादाबाद, । मुरादाबाद जिले में लगातार आवारा कुत्तों का आतंक बड़ता जा आरा है। शहरी इलाके हो या फिर ग्रामीण आए दिन आवारा कुत्तों के हमला करने और घायल करने की खबरें



आना आम बात हो गई है। जिला अस्पताल में भी लगातार डॉग बाइट के मामले सामने आ रहे हैं। बावजूद इसके मुरादाबाद जिला प्रशासन आवारा कुत्तों के आतंक से आम जनता को निजात दिलाने में विफल साबित हो रहा है। ताजा मामला मुरादाबाद के थाना सिविल लाइन इलाके की हिमगिरि कालोनी से सामने आया है। यहां सात साल की मासूम नेहा को आवारा कुत्तों ने हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया। जिस वक्त ये हादसा हुआ उस वक्त मासूम अपने घर के बाहर खेल रही थी। तभी अचानक गली में कुत्तों ने बच्ची पर हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया। कुत्तों के हमला करने के बाद बच्ची की चीखपुकार से आसपास के लोगों ने आवारा कुत्तों से बच्ची को बचाया और जिला अस्पताल ले गए। जहां मासूम का इलाज किया जा रहा है। इसके अलावा दो अन्य लोगों को भी कुत्तों ने अपना शिकार बनाया है। ये तीनों घटनाएं हिमगिरि कालोनी की बताई जा रही हैं। इलाके के रहने वाले लोगों का कहना है की आए दिन आवारा कुत्ते किसी न किसी पर हमला कर उसे घायल कर रहे हैं। कई बार नगर निगम में इसकी शिकायत की है लेकिन, कार्रवाई शून्य है।

## टीबी मुक्त भारत बनाना हम सबकी जिम्मेदारी : सीएमओ

जौनपुर। बुधवार को विश्व रेडक्रास दिवस के अवसर पर भारतीय रेडक्रास जौनपुर ईकाई द्वारा रेडक्रास भवन पर बड़ी संख्या में उपस्थित टीबी मरीजों को पोषण पोटली एवं महिलाओं को पोषण पोटली के साथ ही हाइजिन किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्साधिकारी डा. लक्ष्मी सिंह ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री का संकल्प है कि, 2025 तक भारत में टीबी के मरीजों की संख्या समाप्त हो जाय और भारत टीबी मुक्त देश बन जाय । टीबी की बीमारी सही खान–पान व नियमित दवा के सेवन से ठीक हो रही । बड़ी संख्या में लोग टीबी से ठीक हो चुके हैंऔर जो बचे हैं,वह भी 2025 तक सही हो जायेंगे। प्रधानमंत्री का टीबी मुक्त भारत के संकल्प को पूरा करने में हम सभी के सहयोग की जरूरत है । इसी क्रम में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जौनपुर द्वारा ब्लॉक सिरकोनी के वर्ष 2024 में गोद लिए गए कुल 53 क्षय रोगियों को पोषण किट और हाइजिन किट का वितरण रेडक्रास भवन, जौनपुर में मुख्य चिकित्साधिकारी की उपस्थिति में किया गया।

## प्रायोगिक शिक्षा की संपूर्णता के लिए औद्योगिक भ्रमण जरूरी: प्रो. वन्दना सिंह

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंध विभाग के बी.बी.ए. के छात्रों का औद्योगिक भ्रमण को कुलपति प्रोफेसर वन्दना सिंह ने शुभकामनाएं देते हुए बुधवार को रवाना किया। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि शिक्षा केवल कक्षाओं में ग्रहण नहीं होती स सैद्धांतिक शिक्षा को पूर्ण करने के लिए प्रायोगिक शिक्षा जरूरी हैं स औद्योगिक भ्रमण प्रायोगिक शिक्षा पूर्ण करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं स उन्होंने छात्रों से आग्रह किया की अपने भ्रमण में व्यवसाय प्रबंध के औद्योगिक क्षेत्र में नवीनतम आचरण एवं नवाचार को सीखे जिससे वे कुशल प्रबंधक बन सके स व्यवसाय प्रबंध विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर मुराद अली ने कहा कि विभाग ऐसे औद्योगिक भ्रमण नियमित रूप से आयोजित करता हैं जिससे व्यवसाय प्रबंध के विद्यार्थियों को व्यवसाय जगत के बारे में नये दृष्टिकोण से अध्ययन करने का अवसर मिलता हैं स राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार छात्रों के वोकेशनल पाठ्यक्रमों को औद्योगिक जगत से जोड़ा गया हैं स विद्यार्थी दिल्ली, मानेसर, बहादुरगढ़ आदि के औद्योगिक इकाइयों का भ्रमण करेंगे और उसके आधार पर प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करेंगे स इस अवसर पर डॉ. सुनील कुमार, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. प्रमोद कुमार कौशिक, राजेंद्र सिंह, मोहित सिंह भाटिया, समरीन तबस्सुम एवं बी.बी.ए. के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## *कुलपति ने फार्मेसी परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण*

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के परिसर में चल रही सेमेस्टर परीक्षाओं के तहत बुधवार को विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो वंदना सिंह ने फार्मेसी संस्थान का औचक निरीक्षण किया। कुलपति प्रो वंदना सिंह ने परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी, सिटिंग प्लान, कक्ष निरीक्षकों की संख्या के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। फार्मेसी में बुधवार को बीफार्मा आठवें सेमेस्टर की बायोस्टेटिस्टिक्स एंड रिसर्च मेथाडालाजी और चौथे सेमेस्टर की फार्मास्टिकल आर्गेनिक केमिस्ट्री की परीक्षा थी। फार्मेसी संस्थान के निरीक्षण में कुलपति संतुष्ट दिखीं।

# मनमाना सिस्टम, शव के पोस्टमार्टम में कागज का लंबा इंतजार



**मुरादाबाद,।** मौत के बाद शव के पोस्टमार्टम के लिए भी शोकाकुल परिजन को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। इसकी वजह है मनमाना श्शसिस्टमश्श। सोमवार शाम पांच बजे बुद्धि विहार में गोल चक्कर के पास हुए हादसे में दो श्रमिकों की मौत हो गई थी। मंगलवार को दोनों श्रमिकों के शव का सुबह 10 बजे तक भी पोस्टमार्टम नहीं हो पाया। थाने से पोस्टमार्टम हाउस पर पंचनामा के कागज ही नहीं पहुंचे थे। कारण जानने के लिए मझोला थानाध्यक्ष कमलेश कांत वर्मा से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि वह चुनाव करा रहे हैं। कागजों के संबंध में दीवान से बात कर रहे हैं। उधर, दीवान सुखपाल सिंह से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि शाम छह बजे के बाद किसी भी शव का सामान्य परिस्थिति में पोस्टमार्टम नहीं होता है और डॉक्टर सुबह 10 बजे के बाद पहुंचते हैं। इसीलिए कागज नहीं भेजे गए थे, अब वह कुछ ही देर में पोस्टमार्टम हाउस पर कागज भेज रहे हैं। पोस्टमार्टम हाउस पर सुबह 10.30 बजे के दौरान पंचनामा के कागज और डॉक्टर के आने के इंतजार में हादसे में मारे गए श्रमिक राजू और करन सिंह के परिजन थे। यहां मौजूद लोगों में अतर सिंह, सुशील, शिवम, आकाश, जय प्रकाश, राजेश पाल, जय, अशोक, तुलाराम, महिलपाल, रोहित, विजेंद्र, हंसराज, सूरज, विशाल समेत कई अन्य लोग थे। ये सभी, एक तो दो निर्धन परिवार के मुखिया असमय काल के गाल में समा गए, उससे दुखी थे और दूसरे मनमाने श्शसिस्टमश्श के आगे बेबस थे। परिजनों ने सवाल कर कहा कि सोमवार शाम को हादसे में दो श्रमिकों की मौत हो गई? इसके बाद भी किसी ने कोई संज्ञान तक नहीं लिया, पूरी रात शव पोस्टमार्टम हाउस में रखे रहे। अब पोस्टमार्टम के लिए अभी कितना इंतजार करना पड़ेगा, ये निश्चित नहीं है। घर में कोहराम मचा है। महिलाएं–बच्चे सब हादसे के दिन से रो रहे हैं। हादसे के 19 घंटे बाद हुआ पोस्टमार्टम धीरे–धीरे सुबह के 11 बज गए थे। लेकिन, मझोला थाने से पंचनामा के कागज पोस्टमार्टम हाउस नहीं पहुंच पाए थे। शोकाकुल परिजन पोस्टमार्टम न होने की वजह से व्यवस्था को कोस रहे थे। जहां जिसकी पहचान, वहां फोन कर कागज जल्दी भिजवाने और पोस्टमार्टम कराने को मनुहार कर रहा था। 11.30 बजे कांस्टेबल विकास चौधरी पंचनामा के कागज लेकर पोस्टमार्टम हाउस पर हाजिर हुए। फिर पोस्टमार्टम हाउस में डॉक्टर भी आ चुके थे। 12.20 बजे तक दोनों शवों का पोस्टमार्टम भी हो गया। इस तरह हादसे के 19 घंटे में दोनों श्रमिकों के शवों के पोस्टमार्टम हो पाया।


# मदरसे के बच्चे केवल मौलवी बनकर नहीं कर सकते हैं विकास : मेराज हैदर



शाहगंज, जौनपुर ।भारत सरकार ने मदरसों के अंदर उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा का प्रावधान किया है। पहले मदरसा में केवल मजहबी पढ़ाई की जाती थी। परंतु अब साइंस मैथ इंग्लिश विषयों की भी पढ़ाई हो रही है। उन्होंने कहा कि केवल मदरसा पढ़ाई से और अरबी पढ़कर करके मौलवी बनकर अपने परिवार एवं बच्चों का विकास नहीं किया जा सकता। उक्त बातें भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष सैयद मेराज हैदर ने एक कार्यक्रम के अवसर पर प्रेस वार्ता में व्यक्त किए। सैयद मेराज हैदर ने आने वाले समय में भाजपा को गरीबो की हितैषी बताया। कहा, जल से लेकर अन्न तक भाजपा ने सबका हक दिया। शाहगंज नगर क्षेत्र में एक भी राजकीय इंटर कॉलेज ना होने के सवाल पर गोल–गोल टाल गए।

## हाई टेंशन लाइन की चपेट में आया फ्लेक्सी बोर्ड कारोबारी झुलसा

मुरादाबाद,। 11 हजार हाई टेंशन लाइन की चपेट में आया फ्लेक्सी बोर्ड कारोबारी गंभीर रूप से झुलस गया। परिवार वाले



उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर आए हैं। घटना सुबह 10 बजे की है। पीड़ित फुरकान पुत्र जहीर अहमद के मामा के बेटे शाहनवाज ने बताया कि उनका फुफेरा भाई सुबह अपनी दुकान के सामने सेट लग रहा था।इसी दौरान तेज हवा चलने के कारण उसका फ्लेक्सी बोर्ड हाई टेंशन लाइन से छू गया था। वह 20 फुट की ऊंचाई पर हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। जिसे उसे तगड़ा करंट लगा और झुलस भी गया है। फुरकान बोर्ड फ्लेक्सी का कारोबारी है। वह ठाकुरद्वारा फतुल्लागंज के रहने वाले हैं। पीड़ित के परिवार में पत्नी को दो छोटे बच्चे हैं।

## खेत पर काम करते वक्त तेंदुए का हमला...आधा दर्जन लोग घायल

मुरादाबाद, । मुरादाबाद के डिलारी इलाके के खेतों में काम कर रहे आधा दर्जन ग्रामीणों पर तेंदुए ने हमला कर उन्हे बुरी तरह जख्मी कर दिया। हमले के बाद चीखपुकार की आवाजें सुन आसपास के ग्रामीण खेतों की तरफ दौड़े और तेंदुए का घेरवा कर



लाठी डंडों के सहारे उसे भूसे की कोठरी में बंद कर दिया। उधर घटना के बाद वन विभाग के साथ ही स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची वन विभाग के सदस्यों ने तेंदुए को पकड़ने के लिए रेस्क्यू चला दिया है। हमले में घायल राहुल ने बताया की वो तेंदुए होने की सूचना पर खेत पहुंचा था। तभी आड़ से बैठे तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया। गनीमत ये रही की आसपास के लोग वहां इकट्ठा हो गए और लाठीदंडों से तेंदुए को दौड़ाकर कमरे में बंद कर लिया। जिससे उसकी जान बच गई। तेंदुए के हमले से एक बुजुर्ग महिला भी घायल हुई हैं। गांव के रहने वाले पुष्पेंद्र ने बताया की खेत पर काम करते वक्त अचानक तेंदुए ने तीन लोगों पर हमला कर दिया। जिससे वो बुरी तरह घायल हो गए। एक के कांधे पर हमला कर उसे घायल कर दिया है। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया है। जबकि दो अन्य लोग भी तेंदुए के हमले से घायल हुए हैं। उन्हे भी अस्पताल ले जाया गया है। जबकि 70 वर्षीय रफीक अहमद पर खेत पर काम करते हुए खूंखार तुंदुए ने हमला किया और बुरी तरह लहूलुहान कर दिया। तेंदुए के हमले से बुजुर्ग शफीक के कान से खून निकलने लगा। लहूलुहान हालत में शफीक अहमद को भी इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है।

## *पूर्व विधायक बेटी से दुष्कर्म कर खींची फोटो...5 वर्ष से कर रहा था ब्लैकमेल, वसूले 3 करोड़*

मुरादाबाद,। सपा के पूर्व विधायक की बेटी के साथ दुष्कर्म और ब्लैकमेल कर तीन करोड रुपए से अधिक की ठगी का मामला सामने आया है। इस मामले में पीड़िता ने सिविल लाइन थाने में 4 लोगों के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज कराई है। आरोप है कि पूर्व विधायक



की बेटी के साथ एक सपा नेता ने दुष्कर्म किया। ब्लैकमेल कर उसके साथ लगातार 5 साल दरिंदगी की है। दुष्कर्म के दौरान खींची गई अश्लील तस्वीरें डिलीट करने के लिए महिला से 3 करोड़ रुपए वसूले हैं, लेकिन डिलीट नहीं किया। अब महिला पर तेजाब फेंकने की धमकी दे रहा। परेशान महिला एसएसपी से मिली थी। इसके बाद अब सिविल लाइन थाने में मामला दर्ज हुआ है। महिला का पति कानपुर में बड़ा बिजनेसमैन बताया जा रहा है। आरोपी सपा नेता आसिफ अली युवजन सभा का पूर्व प्रदेश सचिव रह चुका है। फिलहाल, पुलिस ने आरोपी और उसके भाई समेत 4 लोगों को अभियुक्त बनाया है। उधर, इस मामले में एसएसपी हेमराज मीणा ने बताया कि महिला की तहरीर पर प्रारंभिक कार्रवाई के तौर पर सिविल लाइन थाने में आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि पीड़िता से पता चला है कि उसके साथ 2019 से मामला चल रहा था। आरोपी ने उससे 3 करोड रुपए भी वसूले हैं।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए–11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद–244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद–मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक – नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

## संक्षिप्त खबरें

### लोक स्वास्थ्य सेवा समिति शामली द्वारा 76वा निशुल्क आंखों का चश्मा वितरण कैंप आयोजित

क्यूं न लिखूं सच राकेश गुप्ता

शामली। लोक स्वास्थ्य सेवा समिति शामली द्वारा आयोजित 76वा निरूशुल्क आंखों का चेकअप, चश्मा वितरण कैंप का आयोजन 8 मई 2024दिन बुधवार को प्रातः 10रू30 से 1रू00 बजे स्थान कुलदीप मेडिकल हॉस्पिटल रोड शामली पर किया गया। इस कैम्प में नेत्र चिकित्सक डॉ अब्दुल बासित द्वारा कंप्यूटर मशीन से चेकअप किया गया और चश्मा का नंबर दिया गया। सैकड़ों की संख्या में लोगों ने कैम्प में रजिस्ट्रेशन कराकर अपनी आँखों का चेकअप कराया। डॉक्टर ने आँखों का चेकअप कर चश्मे का नंबर दिया। इस कैम्प में मुख्य रूप से अध्यक्ष कुलदीप गोयल, महामंत्री संजय कुमार त्यागी, कोषाध्यक्ष महेश शर्मा, रवि संगल आदि उपस्थित रहे।

### अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण सभा के तत्वाधान में चलो गांव की ओरष एक समीक्षा बैठक आयोजित

क्यूं न लिखूं सच राकेश गुप्ता

शामली। शामली अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण सभा (पंजीकृत) के तत्वाधान में आयोजित चलो गांव की ओर की एक समीक्षा बैठक पंडित हरीश शर्मा जी के आवास ग्राम मकनपुर खादर पर हुई। बैठक की अध्यक्षता पंडित ब्रह्म चंद्र शर्मा जी ने की। मुख्य अतिथि के रूप में संगठन के राष्ट्रीय प्रभारी आदरणीय पंडित के. सी. गौड़ जी रहे स बैठक मैं ब्राह्मण समाज के उत्थान एवं समाज को एकजुट कर कैसे आगे बढाया जाये भिन्न भिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई और उपस्थित सभी विप्र बंधुओं ने अपने–अपने विचार भी रखें स संस्था के राष्ट्रीय प्रभारी पंडित के.सी. गौड ने अपने उद्बोधन मैं कहा समाज संगठित होगा तो राजनीति, धर्म नीति तथा कोई भी नीति आपके द्वार पर होगी इसलिए समस्त विप्र बंधु आज यह संकल्प लें हमें ब्राह्मण समाज को सर्वोपरि बनाना है स संगठन का विस्तार करते हुए उपस्थित विप्र बंधुओं की सहमति और परामर्श के आधार पर पंडित ओम दत्त शर्मा एवं पंडित यतेंद्कौशिक अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गयास बैठक में उपस्थित पंडित नारायण दत्त शर्मा सेवानिवृत्त अमीन एवं नगर संरक्षक पंडित गौरी दत्त शर्मा सेवानिवृत अध्यापक एवं मुख्य संरक्षक ग्राम पंडित सोहन पाल शर्मा जी ग्राम महासचिव भईपुर, पंडित सुखपाल शर्मा पंडित सोहन पाल शर्मा पंडित सौरभ शर्मा पंडित वीरेंद्र शर्मा, पंडित बुद्धाराम शर्मा पंडित अनिल शर्मा पंडित रेवती शर्मा पंडित उदवंत प्रताप शर्मा पंडित कुमेश कौशिक पंडित विशाल शर्मा पंडित जय किशन शर्मा पंडित गंगाराम शर्मा पंडित रेवती शर्मा पंडित विनीत शर्मा तथा अनेक सम्मानित विप्र बंधुओं ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को निर्वाचित होने पर आत्मीय मंगलकामनाएं तथा आशीर्वाद दिया। दूसरी और अरविंद कौशिक शामली जिला अध्यक्ष ने सफल मीटिंग होने पर व नये पदाधिकारियों के मनोनीत होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### शामली में दलालों पर चला एआरटीओ का डंडा, दुकानें बंद कर भागे

क्यूं न लिखूं सच राकेश गुप्ता

शामली। शामली एआरटीओ कार्यालय के बाहर डेरा डालने वाले दलालों पर मंगलवार को विभागीय अधिकारियों का डंडा



चला। मंगलवार को कुछ दलाल एआरटीओ कार्यालय के अंदर हस्तक्षेप करते नजर आए। सूचना पर मौके पर पहुंचे एआरटीओ ने दलालों को पकड़वाने के लिए निरीक्षण किया, मगर दलाल दुकानों को बंद कर फरार हो गए। एआरटीओ ने मिलीभगत करने वाले कर्मचारियों को भी कार्रवाई की चेतावनी दी है। कहा कि दलालों का प्रवेश कार्यालय के अंदर नहीं होने दिया जाएगा। एआरटीओ ने कहा कि लाइसेंस बनवाने की प्रक्रिया अब पूरी तरह से ऑनलाइन है। कोई भी आवेदक दलाल या फिर अन्य के बहकावे में नहीं आए। ऑनलाइन लाइसेंस के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा कार्यालय में आकर भी आवेदन कर सकते हैं।

### 62वीं वाहिनी एस. एस. बी. के जवानों ने किया ष्पर्यावरण के तहत कार्यक्रम का आयोजन

खबर श्रावस्ती उत्तर प्रदेश

रिपोर्ट देवी पाटन मंडल ब्यूरो प्रेमचंद जायसवाल

श्रावस्ती। रबीन्द्र कुमार राजेश्वरी, कमान्डेंट 62वीं वाहिनी स.सी.ब., भिनगा के नेतृत्व में पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली के तहत के द्वारा पर्यावरण को बचाने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोंगो के बीच जागरूकता हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।



लोगों को इसके बारे में जानकारी देना है कि एक स्वच्छ एवं सुन्दर पर्यावरण हमारे जीवन की सुरक्षा के लिए कितना महत्त्व है के बारें में लोंगो को जागरूक कराना है। पृथ्वी हमारा घर है, और इसकी रक्षा करना हम सबका का दायित्व है। जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन जैसी समस्याओं का सामना करते हुए, पर्यावरण के लिए जीवन शैली एक महत्वपूर्ण अवधारणा बनकर उभरी है। स्पथम का अर्थ है ष्पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैलीष। यह एक ऐसा अभियान है जो व्यक्तियों को प्रकृति के साथ तालमेल बैठाकर जीवन जीने के लिए प्रोत्साहित करता है। स्पथ का उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बिना जीवन जीने के लिए प्रेरित करना है। यह छोटे–छोटे बदलावों पर जोर देता है जो मिलकर बड़ा प्रभाव डाल सकते हैं। इस मौके सोनू कुमार उप कमान्डेंट, सहायक उप निरीक्षक सोहन सिंह, नरेश कुमार एवं अन्य जवान उपस्थित रहे।

# बीजेपी सरकार ने नौजवानों और किसानों के भविष्य को खराब किया





रिपोर्टर श्याम जी कश्यप जनपद फर्रुखाबाद उत्तर प्रदेश

सपा के गठबंधन प्रत्याशी डा. नबल किशोर शाक्य की चुनावी जनसभा को सम्बोधित करने आये सपा सुप्रीमों अखिलेश यादव बीजेपी की सरकार पर हमलावर दिखे। उन्होंने कहा की बीजेपी सरकार नने नौजवानों और किसानों के भविष्य को खराब किया हैद्य युवा और किसान सरकार बदलनें का मन बना चुका है शहर के बढ़पुर स्थित क्रिश्चियन कालेज मैदान में जनसभा को सम्बोधित करते हुए सपा सुप्रीमों अखिलेश यादव नें कहा कि इस बार सपा प्रत्याशी की जीत के सभी रिकार्ड टूटने जा रहें हैं द्य इस बार युवा वर्तमान सरकार के खिलाफ हैंद्य 10 साल में बीजेपी नें गरीबों, किसानों और युवाओं से झूठे वादे कियेद्य किसानों को उनकी फसल क बाजिब मूल्य नही मिला। किसान कर्ज में डूब गया। महंगाई लगातार बढ़ रही हैद्य सरकार ने बड़े–बड़े उद्योग पतियों का कर्ज मांफ माफ किये लेकिन गरीब किसान का कर्ज माफ नही किया गयाद्य इस लिए सपा व गठबंधन नें तय किया है कि सरकार बनने पर किसानों को उनकी फसल का बाजिब मूल्य मिलेगाद्य सरकार नें पेपर कराए और कुल 10 पेपर लिक करा दियेद्य उन्होंने कहा कि सबाल नौकरी का नही हैद्य नौकरी के नाम पर सरकार नें युवाओं का एक तिहाई जीवन बर्बाद कर दियाद्य फ़ौज की नौकरी को अग्निवीर में बदल दिया और अब पुलिस की नौकरी भी कही तीन साल की ना कर देंद्य फौज की नौकरी अग्निवीर कर दी, जिससे नौजवानों का भविष्य भी खतरे में पड़ गयाद्य उन्होंने कहा की चुनाव आनें वाली पीढ़ी का भविष्य तय करेंगा। जो लोग संबिधान को बदलना चाहते है उन्हें जनता बदल देगी सपा सुप्रीमों नें कहा कि जिन–जिन को सरकार नें कोरोना वैक्सीन लगवाई उनके हार्ड अटैक का खतरा बढ़ गया हैद्य सरकार नें बोरी से खाद चोरी कर लीद्य जब वोट चाहिए था तो सरकार ने रिफ़ाइन्ड का वितरण कियाद्य उन्होंने कहा की इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो गरीबों को आटा और युवाओं को डाटा मुफ्त देंगेद्य सपा सरकार में लैपटॉप का वितरण किया था लेकिन उनकी सरकार ने नकल कर मोबाइलों का वितरण किया द्य उन्होंने कहा सरकार बनने से फर्रुखाबाद को गंगा एक्सप्रेस–वे व आगरा एक्सप्रेस वे के 6 लेन से जोड़ा जायेगाद्य इस दौरान अध्यक्षता पूर्व सांसद छोटे सिंह यादव व संचालन सुरेद्र सिंह गौर ने कियाद्य जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष मौलाना इरफान–उल–हक कादरी, पूर्व मंत्री सर्वेश अंबेडकर, सतीश दीक्षित, पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत, पूर्व जिलाध्यक्ष रामसेबक यादव, सरल दुबे, जिला महासचिव इलियास मंसूरी, महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा, पूर्व विधायक ताहिर सिद्दीकी, जिला प्रवक्ता विवेक यादव आदि रहे।

## लाजपत नगर क्टरा मे आयुर्वेद का शिविर लगाया गया

शिविर मे उमड़ी मारीजो की भीड

कोंच(जालौन) निदेशक आयुर्वेद उत्तर प्रदेश लखनऊ एवं जिलाधिकारी जालौन राजेश कुमार पांडेय एवं क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी जालौन डॉक्टर सत्येंद्र पटेल के निर्देशन में आज बुधवार को राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय कोंच द्वारा मोहल्ला लाजपत नगर कटरा में आयुष आपके द्वार स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें नगर पालिका परिषद के सभासद शमसुद्दीन मंसूरी एवं राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय कोंच के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जितेंद्र वर्मा के द्वारा संयुक्त रूप से भगवान धन्वंतरि का माल्यार्पण किया गया। शिविर मे आये लोगों के बीच बढ़ती हुई गर्मी में लू से बचने के उपाय,खान पान संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई इस शिविर में 182 रोगियों को स्वास्थ्य लाभ दिया गया औषधि वितरण का कार्य परशुराम वर्मा फार्मासिस्ट द्वारा किया गया शिविर में स्टाफ नर्स वंदना कुशवाहा एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी रमेश चंद्र का काफी अच्छा सहयोग रहा और वह आये हुए मारीजो को दवा आदि का वितरण करते रहे इस शिविर को लेकर इलाके के लोग सभासद श्मसुद्दीन मंसूरी की इस कार्य की सराहना करते रहे।

## सपा जिला सचिव राजेंद्र निरंजन राजू चमरसेना के बड़े भाई का निधन

*डा संतराम सिंह निरंजन छानी के अंतिम संस्कार मे उमड़ी भीड़*

रिपोर्टर – पवन कुमार

कोंच(जालौन) कोंच क्षेत्र के जाने माने समाज वादी पार्टी के नेता और जिला सचिव राजेंद्र सिंह निरंजन राजू चमरसेना के सगे बड़े भाई जो की ग्राम छानी मे अपने परिवार के साथ रहते थे और वह काफी समय से बीमार चल रहे थे आज ही उनका इनके ग्राम छानी मे दुखद निधन हो गया है ग्राम छानी मे ही उनका अंतिम संस्कार कर दिया डा संतराम सिंह निरंजन के बड़े पुत्र बीरेंद्र सिंह निरंजन ने उन्हे मुखग्नि दी इस दुखद घटना को लेकर क्षेत्र भर मे भारी शोक की लहर देखी गई है और लोग इस निधन को लेकर उनके ग्राम छानी मे शोक संवेदनाएं व्यक्त करने पहुँच रहे है

## मोहल्ला जवाहर नगर मे जन सम्पर्क कर मांगे वोट

रिपोर्टर – पवन कुमार

कोंच(जालौन) भाजपा नगर कोंच द्वारा लोकसभा संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी केन्द्रीयमंत्री भानुप्रताप वर्मा के समर्थन में आज नगर के मोहल्ला जवाहर नगर के दोनो वार्डो मे जन सम्पर्क अभियान मे वोट मांगे गए इस अभियान मे नगर पालिकाके अध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता की अगुवाई मे जनता जनार्दन से भाजपा के ।को वोट देने की अपील की गई इस अवसर पर नगर पालिका परिषद कोंच के अध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता ने कहा की भाजपा को वोट दे और देश को मजबूत करे उन्होंने कहा की आज देश मे भाजपा की आंधी चल रही है और देश मे तीसरी बार नरेंद्र मोदी की सरकार बनने जा रही है भाजपानगर अध्यक्ष सुनील लोहिया ने कहा की भारतीय



जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है जो सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास लेकर चलती है उन्होंने कहा की भाजपा प्रत्याशी को हर वर्ग का सहयोग और समर्थन मिल रहा है इस मौके पर निषाद राज पार्टी के नगरअध्यक्ष अमित निषाद ने कहा की भाजपा को जिताने मे उनकी पार्टी भी सहयोग कर रही है और हर तरह कार्य कर चुनाव जिताने मे लगी है और हर घर जाकर भाजपा को मत देने की बात कह रही है इस दोरान सीनियर नेता शम्भूदयाल स्वर्णकार राजेश्वरी यादव सभासद विक्रम तोमर अनिल अग्रवाल दतिया वाले निषाद राज पार्टी के नगर अध्यक्ष अमित कुमार निषाद प्रभन्जन अग्रवाल नरेश वर्मा मयंक मोहन गुप्ता अवध यादव महेन्द्र सोनी लला ओपी कुशवाहा प्रदीप वर्मा अमित उपाध्याय डीके सोनी, संजीव गर्ग आनंद सकेरे, संजय सोनी प्रधव मिश्रा,रजत उपाध्याय सभासद अनिल वर्मा गौरव तिवारी, बादाम कुशवाहा,विनोद सोनी रवि कांत कुशवाह्म राजू पाटकार संजय सोनी नरेन्द्र विश्वकर्मा,अजय कुशवाहा सौरभ पुरवार विकास पटेल, सुशील दूरबार,धर्मेंद्र पहारिया आनंद सेठ काका शैलेन्द्र अग्रवाल मनीष गुप्ता नगरिया प्रदीप यादव बापू प्रदीप वर्मा विकास पटेल राम जी गुप्ता बाबुराम पाल अंचल बिलेया सोरभ पुरवार दीपक गर्ग मनीष चौधरी सभासद राहुल वर्मा सहित कई भाजपा कार्य कर्ता मौजूद रहें।

## हरफनमौला शैलेन्द्र पाल के प्रदर्शन से केराकत बी टीम सेमीफाइनल में पहुंची

जौनपुर। क्रीड़ा अधिकारी डॉ0 अतुल सिन्हा ने अवगत कराया है कि लोकतंत्र के महापर्व पर जनपद जौनपुर में 25 मई को लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु मतदान होना है। जनपद का मतदान प्रतिशत बढ़ाने व युवा मतदाताओं को जागरूक एवं प्रोत्साहित करने के लिए जिला प्रशासन एवं जिला खेल कार्यालय, जौनपुर के संयुक्त तत्वावधान में ''वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के परिसर में स्थित ''एकलव्य स्टेडियम'' में जौनपुर चुनाव क्रिकेट चौम्पियनशिप–2024 के आयोजन के दूसरे चक्र का तीसरा मुकाबला तहसील केराकत बी व मड़ियाहूँ बी के मध्य खेला गया जिसमें मड़ियाहूँ बी की टीम ने 18.4 ओवर में 101 रन बनाकर आल–आउट हो गयी। केराकत बी की टीम ने निर्धारित लक्ष्य को 14.1 ओवर में मात्र 04 विकेट के नुकसान पर 105 रन बनाकर विजयी हुई। केराकत बी के शैलेन्द्र पाल ने बल्लेबाजी व गेंदबाजी में अपना सराहनीय योगदान किया इन्होंने 27 बाल पर 26 रन बनायें और अंत तक नाट–आउट रहे जिसमें 03 चौका भी शामिल था इसी तरह अपनी धारदार गेंदबाजी से शैलेन्द्र ने 04 ओवर में 21 रन देकर 03 विकेट लिये और मैन आफ द मैच के खिताब पर कब्जा किया। केराकत बी के बल्लेबाज रंजीव कुमार सिंह ने 31 बाल पर 34 रन बनायें जिसमें 04 चौका व 02 छक्के सम्मिलित रहे। केराकत बी के नवनीत यादव ने भी अच्छी बालिंग करते हुए 04 ओवर 20 रन देकर 03 विकेट लिये।

## मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट का कड़ाई से हो अनुपालन

जौनपुर। लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 हेतु नामित 73–जौनपुर (जनरल प्रेक्षक) सीबी बलात, 74–मछलीशहर (अजा) (जनरल प्रेक्षक) श्रीमती के० लीलावती, पुलिस प्रेक्षक देवव्रत दास, व्यय प्रेक्षक 73–जौनपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र मुण्डे राजेश बालाजी राव कुसुम, जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़, पुलिस अधीक्षक डा0 अजय पाल शर्मा की उपस्थिति में निर्वाचन सम्बन्धी प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रेक्षकगण ने कहा कि सभी अधिकारीगण निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन का अच्छी तरह अध्ययन कर लें। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पूरी निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानी व कार्रवाई का निर्धारण किया गया है। कार्मिकों को मतदान दिवस पर अपनाई जाने वाली सावधानियों के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान टीम भावना बेहद महत्वपूर्ण साबित होती है। इसलिए एक दूसरे के सहयोगी बनें और टीम भावना के साथ अपने दायित्वों का निर्वाहन करें। राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों के प्रचार–प्रसार, बैठक, सभा या अन्य कार्यक्रम पर कड़ी निगरानी रखें।

## मिट्टी खनन कर रहे ट्रैक्टर–ट्रॉली को थाने लाकर किया सीज

रिपोर्ट देवी पाटन मंडल ब्यूरो प्रेमचंद जायसवाल

श्रावस्ती। जमुनहा मिट्टी खनन कर ला रहे ट्रैक्टर–ट्राली को



पुलिस ने पकड़कर सीज कर दिया। जानकारी के अनुसार मल्हीपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मल्हीपुर। भंगहा मार्ग पर स्थित भुड़कुलवा गांव के पास बीते देर शाम को तहसीलदार जमुनहा प्रदुमन कुमार क्षेत्र मे भ्रमण के लिए निकले थे। कि तभी सड़क पर फर्राटे भर रहे मिट्टी लदी ट्रैक्टर–ट्रॉली को रोकने का प्रयास किया। जिसपर ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर–ट्रॉली को छोड़कर फरार हो गए। जिसपर तहसीलदार ने मल्हीपुर पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर–ट्राली को थाने में लाकर कार्यवाही में जुट गई ।

## गैंगस्टर का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

रिपोर्ट तहसील संवाददाता अरविन्द कुमार यादव

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया द्वारा जनपद में




अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण कुमार यादव व क्षेत्राधिकारी भिनगा श्री अतुल कुमार चौबे के कुशल निर्देशन में प्र०नि० थाना सिरसिया श्री भानु प्रताप सिंह मय पुलिस टीम द्वारा मुवनंव–116/2024 धारा 3 (1) गैंगस्टर एक्ट थाना सिरसिया जनपद श्रावस्ती से सम्बन्धित 01 अभियुक्त को उसके के घर से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया। अभियुक्त उपरोक्त द्वारा अन्य साथियों के साथ मिलकर भौतिक एवं आर्थिक लाभ के लिए प्रतिबन्धित गोवंश को चोरी करके हत्या कर गोमांश को बेचना व परिवहन करने का जघन्य अपराध कारित किया जाता रहा है। थाना सिरसि थाना सिरसिया जनपद– श्रावस्ती

## जवाहर विपणन केंद्र देवेंद्रनगर में मची अंधेरगर्दी ना हीं टीन सेट ना हीं वाटर कूलर

क्यों ना लिखूं सच देवेंद्र नगर से घनश्याम प्रसाद शर्मा की रिपोर्ट

गर्मी के दिनों में सबसे ज्यादा आदमियों को जरूरत होती है छाया और पानी की जो की देवेंद्रनगर सोसाइटी में नहीं है सैकड़ो लोग यहां पर प्रतिदिन गल्ला लेने दूर दूर से आते हैं जो कि इस भीषण गर्मी में बाहर खड़े होने को मजबूर होते हैं साथ ही साथ उनके ना तो पीने के लिए पानी की व्यवस्था है और ना ही वाटर कूलर लगाए शासन द्वारा हर बैंक हर सार्वजनिक स्थान पर पानी की समुचित व्यवस्था एवं छाया की व्यवस्था की गई लेकिन जवाहर विपणन समिति देवेंद्रनगर आज भी वही पुराने हिसाब किताब में चली आ रही है जिससे वहां पर ना ही आम आदमी परेशान है बल्कि वहां के कर्मचारी भी परेशान उनको भी पानी की बोतल बाहर से लानी पड़ती आखिर इस गर्मी में छाया और पानी की बहुत ज्यादा जरूरत होती अब देखना यह है कि इस खबर का शासन पर कितना असर होता है और उपभोक्ताओं को सर पर छाया और पानी की समुचित व्यवस्था कब तक हो पाती।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# एनसीसी कैडेट्स ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**लखनऊ।** कोई मतदाता ना छूटे - इस उद्देश्य से तथा लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय के निदेशीनुसार नवयुग कन्या महाविद्यालय, राजेंद्र नगर, लखनऊ द्वारा राजेंद्र नगर वार्ड 90 को गोद लेने का निर्णय लिया गया और उसी के तहत आज एनसीसी कैडेट्स द्वारा प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय तथा स्वीप संयोजक मेजर (डॉ.)मनमीत कौर सोढ़ी के नेतृत्व में शत प्रतिशत मतदान हेतु राजेंद्र नगर वार्ड के अंतर्गत भाग संख्या 153 से 157 तक के मतदाताओं के घर-घर जागरूकता अभियान चलाया गया और सभी को इस बात के लिए प्रेरित किया गया कि 20 मई 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन में मतदान अवश्य करें क्योंकि प्रत्येक वोट की कीमत होती है ए सभी नागरिकों के सामूहिक प्रयास से ही देश से ही मायने में विकास की ओर उन्मुख हो सकता है। भाग संख्या 153 से 157 तक में लगभग 5000 मतदाता हैं जो दीनदयाल मार्ग, दुगावा, विधायक निवास, यू पी आई एल तथा महाविद्यालय के आसपास के इलाकों के निवासी हैं। आज के जागरूकता अभियान में कैडेट पलक गुप्ता, नैंसी विश्वकर्मा, महक सिंह, शिप्रा गौतम, ज्योति राजपूत, रेशमा कुमारी, माया यादव, साक्षी सोनकर, सोनल सिंह, शिवानी वर्मा, आयुषी शर्मा, शिवानी पाल, सरिका पटेल आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए स्वीप योजना के अंतर्गत मतदाता जागरूकता हेतु महाविद्यालय द्वारा प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय तथा स्वीप संयोजक मेजर (डॉ.) मनमीत कौर सोढ़ी के नेतृत्व में दिसंबर 2023 से लगातार विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं जिसके अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, रंगोली सजावट, 18 वर्ष से ऊपर की समस्त छात्राओं का नव मतदाता पंजीकरण, संभाषण प्रतियोगिता, जाति धर्म और लालच के बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करने की मतदाता शपथ, कार्यशाला का आयोजन जिसमें भारत निर्वाचन आयोग के वीडियो द्वारा वोटर हेल्पलाइन, वोटर पोर्टल के माध्यम से मतदान संबंधी जरूरी जानकारी , रैली के माध्यम से महाविद्यालय के निकटवर्ती क्षेत्रों में जन सामान्य को 20 मई को होने वाले मतदान में बड़ी संख्या में अपने मताधिकार का प्रयोग करके सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में भूमिका का निर्वाह करने के लिए प्रेरित किया गया, संकल्प पत्र भरवाये गए और हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से छात्राओं के साथ-साथ परिवार जनों को भी जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, युवा संसद का आयोजन भी किया गया जिसमें छात्राओं ने बेबाकी से आगामी चुनाव से जुड़े विभिन्न मुद्दों जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, बेरोजगारी, आरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, महिला अधिकार, नेताओं के लिए अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता पर अपनी बात रखी, लखनऊ के चारबाग मेट्रो स्टेशन पर भी मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया, छात्राओं ने शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी मतदाता जागरूकता संबंधी गीत के माध्यम से भी जन सामान्य से वोट करने की अपील की जिसका प्रसारण लखनऊ दूरदर्शन द्वारा भी किया गया। प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय तथा स्वीप संयोजक मेजर डॉ. मनमीत कौर सोढ़ी द्वारा निरंतर छात्राओं के सहयोग से पहले मतदान फिर जलपान तथा प्रत्येक वोट की कीमत होती है - इसका प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।



# 12091 अभ्यर्थी नहीं बनेंगे शिक्षक,खत्म हुआ प्रशिक्षु शिक्षक भर्ती विवाद

**लखनऊ।** परिषदीय प्राथमिक स्कूलों में 2011 में शुरू हुई 72825 प्रशिक्षु शिक्षक भर्ती के अंतर्गत 12091 चयनितों की सूची को लेकर सात साल से अधिक समय से चला आ रहा विवाद समाप्त हो गया है। सूची में शामिल अभ्यर्थियों की नियुक्ति संबंधी एसएलपी सुप्रीम कोर्ट द्वारा सोमवार को खारिज किये जाने के बाद मामला समाप्त हो गया है। एसएलपी 12091 चयन सूची में शामिल अभ्यर्थियों की ओर से हाईकोर्ट के डबल बेंच के आदेश के खिलाफ दाखिल की गई थी। 12091 चयन सूची में शामिल कुछ अभ्यर्थियों ने पिछले साल नियुक्ति के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने कोई सुनवाई किए बगैर 27 सितंबर 2023 को याचिका हाईकोर्ट को संदर्भित कर दी थी। अभ्यर्थियों को हाईकोर्ट में अपनी बात रखने को कहा था। हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान सिंगल बेंच ने 12 जनवरी 2024 को कहा था कि जिनकी काउंसिलिंग न हुई हो, उनकी काउंसिलिंग कराते हुए नियुक्ति पत्र जारी किया जाए। इसके खिलाफ राज्य सरकार की स्पेशल अपील पर हाईकोर्ट की डबल बेंच ने 16 अप्रैल को एकल पीठ के आदेश को यह कहते हुए रद्द कर दिया था कि नियुक्ति प्रक्रिया शुरू होने के 13 वर्ष बाद काउंसिलिंग कराने का आदेश नहीं दिया जा सकता है। इससे असंतुष्ट 12091 चयन सूची में शामिल कुछ अभ्यर्थियों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी, जो सोमवार को खारिज हो गई। 2011 की 72825 प्रशिक्षु शिक्षक भर्ती में विभिन्न जिलों में काउंसिलिंग के बावजूद न्यूनतम कटऑफ अंक अनारक्षित 105 और आरक्षित 90 से अधिक पाने वाले कई अभ्यर्थी चयन से वंचित हो गए थे। इसके खिलाफ प्रतापगढ़ के अभ्यर्थी राहुल पांडेय की ओर से की गई याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने दो नवंबर 2015 को उन अभ्यर्थियों से प्रत्यावेदन लेने का आदेश दिया था, जिनका कटऑफ अधिक था पर चयन से वंचित रह गए थे। कोर्ट के आदेश पर लगभग 75 हजार अभ्यर्थियों ने प्रत्यावेदन दिया था, जिसमें 12091 को पात्र बताते हुए बेसिक शिक्षा परिषद ने उनकी सूची जारी की थी।

# लोकसभा चुनाव में विधायकों की अग्निपरीक्षा

## 2027 का टिकट पक्का या कच्चा, तय करेंगे रिजल्ट

**लखनऊ।** अट्ठारहवीं लोकसभा के लिए का चुनाव चल रहा है, जिसके तीन चरण पूरे हो चुके हैं। अधिकांश इलाकों में मतदान का प्रतिशत पिछले चुनावो की अपेक्षाकृत कम हुआ है। इलेक्शन कमीशन बराबर प्रयास कर रहा है कि मतदान ज्यादा से ज्यादा हो। ज्यादा मतदान ही सही लोकतंत्र का आधार है। जब सबकी राय शुमारी के बाद हुकूमत बनती है तो जनतंत्र की भावना पूरी होती है। अभी चार चरणों की वोटिंग बाकी है। हर दल, हर गठबंधन या निर्दल, चाहे वो सत्ता में हो या फिर सत्ता से बाहर ,सबका फोकस अपने पाले में अधिकाधिक वोट डलवाना मकसद होता है।यूपी की अस्सी लोकसभा सीटों के लिए इलेक्शन है। यूपी के बारे में कहा जाता है कि जिधर झुकता यूपी उधर ही दिल्ली की सल्तनत। चुनाव भले ही पार्लियामेंट का है, चुनना संसद सदस्य है लेकिन परोक्ष रूप से क्षेत्रीय विधायक का भी इम्तिहान है। अपने असेम्बली क्षेत्र में जितना लोकप्रिय विधायक होगा,उसके मुताबिक उतना ही ज्यादा उसकी पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी को वोट मिलने के आसार होते हैं।कभी कभी देखा जाता है कि या तो लोकसभा चुनाव में क्षेत्रीय विधायक रुचि नही लेते या फिर झुकाव अंदर खाने से कुछ और होता है। घर से निकलते ही नहीं ,केवल मंच पर नजर आते हैं। पार्टी नेतृत्व की नजर में आ जाने पर बाद में अप्रत्याशित निर्णय भी हो जाता है। 2027 में जब विधानसभा चुनाव आयेंगे बातों आज की मेहनत का आंकलन जरूर होगा।लोकसभा चुनाव हैं, लेकिन अग्निपरीक्षा विधायकों की भी है। अपनी-अपनी सीट में प्रत्याशी को जिताने से ही उनका 2027 का भविष्य तय होगा। कन्नौज संसदीय सीट को ही देख लीजिए, यहाँ पांच विधानसभा क्षेत्रों में वर्तमान में चार पर भाजपा का कब्जा है।कन्नौज सदर सीट से समाज कल्याण मंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण व छिबरामऊ विधानसभा सीट से पूर्व राज्यमंत्री अर्चना पांडेय विधायक हैं।इन दिग्गजों के साथ औरैया व कानपुर देहात की एक-एक सीट व तिर्वा क्षेत्र के विधायकों को इम्तिहान देना होगा।कन्नौज लोकसभा सीट पर सपा मुखिया अखिलेश यादव और भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक के बीच सियासी जंग है। बसपा के इमरान बिन जफर मैदान में है। चुनाव जीतने के लिए दोनों दलों भाजपा व सपा ने पूरी ताकत झोंक रखी है, बसपा ने प्रचार की शुरूआत भले ही देर से की लेकिन अब वह भी अपनी पूरी ताकत लगा रही है। इंडिया बनाम एनडीए की जंग में इलाकाई एमएलए अपनी अपनी पोजीशन सेफ करने खातिर दौड़ रहे हैं।संसदीय क्षेत्र में कन्नौज की सदर विधानसभा सीट पर समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण, छिबरामऊ से पूर्व राज्यमंत्री अर्चना पांडेय, तिर्वा से कैलाश राजपूत, कानपुर देहात की रसूलबाद सीट से पूनम शंखवार भाजपा से विधायक हैं। औरैया की बिधूना विधानसभा सीट से सपा की रेखा वर्मा विधायक हैं। सभी अपने उम्मीदवार को जिताने के लिए आश्वस्त हैं।भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने अपने विधायकों की चुनाव सक्रियता व प्रदर्शन को परखने के लिए पर्यवेक्षक लगाए हैं। बसपा भी जोर-आजमाइश कर रही है। सपा मुखिया स्वयं लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। माना जा रहा कि लोकसभा चुनाव में विधानसभा क्षेत्रवार नतीजों के आधार पर 2027 चुनाव में टिकटों का आवंटन होगा। तिर्वा विधानसभा से सपा प्रत्याशी अनिल पाल, छिबरामऊ से अरविंद सिंह यादव और सदर विधानसभा से अनिल दोहरे को बीते चुनाव में शिकस्त मिली थी। अनिल दोहरे के निधन से आगामी चुनाव में टिकट की दौड़ में उनके बेटे यश दोहरे व पूर्व विधायक कलियान सिंह दोहरे का नाम चल रहा है। तिर्वा और छिबरामऊ से भी कई नेता प्रबल दावेदार है। 2024 लोकसभा चुनाव में विधानसभावार नतीजों के आधार पर अखिलेश यादव टिकट आवंटन करेंगे। यह हाल अकेले कन्नौज का ही नही है। उत्तर प्रदेश के सभी 403 विधायकों का इम्तिहान है।आज के अंक 2027 की परीक्षा में काम आयेंगे। दल कोई हो,हाईकमान सबके अपने पहलवानों की परीक्षा तो लेता ही है।

# आज पीएम मोदी खुद मेनिफेस्टो की बात नहीं कर रहे: गुरदीप सप्पल

## बेटियों पर अत्याचार करने वाले बृजभूषण, रेवन्ना पर कार्रवाई करने की हिम्मत नहीं होती

लखनऊ,08 मई 2024 (यूएनएस)। अखिल भारतीय कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव गुरदीप सप्पल बुधवार को लखनऊ पहुंचे। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में मीडिया से बातचीत करते हुए गुरदीप ने कहा तीन चरण के चुनाव के बाद यह स्पष्ट दिख रहा है, जनता भाजपा के खिलाफ है। उन्होंने कहा आज पीएम खुद मेनिफेस्टो पर बात नहीं कर रहे हैं। बेटियों पर अत्याचार करने वाले बृजभूषण शरण सिंह, प्रज्वल रेवन्ना पर कार्रवाई करने की उनकी हिम्मत नहीं है। गुरदीप सप्पल ने कहा कि तीन चरण के चुनाव के बाद ये स्पष्ट दिख रहा है कि जनता इनके खिलाफ है। दस साल पहले वादा किया गया था कि अच्छे दिन आएंगे। बेटियों पर अत्याचार करने वाले ब्रजभूषण शरण सिंह, प्रज्वल रेवन्ना पर कार्यवाही करने की हिम्मत नही होती है। कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि दस साल मे गंगा का क्या हाल हुआ है। स्मार्ट सिटी तो दूर की बात है। दुनिया के 100 प्रदूषित शहरों में से 82 शहर भारत में आते हैंरू देश के अंदर महंगाई बेरोजगारी की स्थिति है। पूरे देश में हमारे मैनिफेस्टो की बात हो रही है। आज खुद पीएम मोदी अपने मैनिफेस्टो की बात नहीं कर रहे। जब देश में आप सब खत्म कर देंगे तो रोजगार भी खत्म होगा। हमारा पूरा व्यापार चीन को दे दिया है। मोदी जी ने सेना में भर्ती बंद कर दी, सिर्फ अग्निवीर बचा है। भारत को आईटी पावर बना के कांग्रेस में दिखाया था। भारत की सेना को सबसे मजबूत किया था। अग्नि मिसाइल, त्रिशूल मिसाइल, सभी कांग्रेस सरकार में बनी। जितना डिफेंस उत्पाद भारत में होता था सब प्राइवेट कर दिया।

# आकाश आनंद पर एक्शन को लेकर कांग्रेस और सपा ने साधा बीएसपी पर निशाना

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती की आकाश आनंद पर की गई कार्रवाई को लेकर अलग-अलग राजनीतिक दलों की प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। कांग्रेस प्रवक्ता सुरेंद्र राजपूत ने कहा कि हम पहले ही कह रहे थे कि बसपा पूरी तरह से भाजपा के साथ है और पर्दे के पीछे दोनों मिले हैं। उन्होंने कहा कि आकाश आनंद पर हुई कार्रवाई से हमारी बात पर सत्यता की मोहर लग गई है। वहीं समाजवादी पार्टी ने कहा है कि बसपा को वोट करने का कोई मतलब अब नहीं रह गया है। क्योंकि उसने अपना पूरा समर्थन भाजपा को दे रखा है। सपा प्रवक्ता अशोक यादव ने मीडिया से कहा कि बहुजन समाज को चहिये कि वो बाबा साहब के सपने को पूरा करने और अपने वर्ग को मजबूत करने के लिए इंडिया गठबंधन के साथ आये और भाजपा को हराने में हमारी मदद करे। बताते चलें बीएसपी सुप्रीमो मायावती ने बड़ी कार्रवाई की है। मायावती ने आकाश आनंद को नेशनल को ऑर्डिनेटर पद से हटाया दिया है। मायावती ने आकाश आनंद को अपरिपक्व नेता बताया है। मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुये कहा है कि विदित है कि बीएसपी एक पार्टी के साथ ही बाबा साहेब डा भीमराव अम्बेडकर के आत्म-सम्मान व स्वाभिमान तथा सामाजिक परिवर्तन का भी मूवमेन्ट है जिसके लिए मान्य. श्री कांशीराम जी व मैंने खुद भी अपनी पूरी जिन्दगी समर्पित की है और इसे गति देने के लिए नई पीढ़ी को भी तैयार किया जा रहा है। उन्होंने आगे लिखा कि इसी क्रम में पार्टी में, अन्य लोगों को आगे बढ़ाने के साथ ही, आकाश आनन्द को नेशनल कोओर्डिनेटर व अपना उत्तराधिकारी घोषित किया, किन्तु पार्टी व मूवमेन्ट के व्यापक हित में पूर्ण परिपक्वता आने तक अभी उन्हें इन दोनों अहम जिम्मेदारियों से अलग किया जा रहा है।

# मोदी 14 को वाराणसी में करेंगे नामांकन,13 को रोड शो

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 मई को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में रोड शो करेंगे जिसकी बाबत भारतीय जनता पार्टी की तैयारी शुरू है।वाराणसी लोकसभा प्रबंध समिति ने बैठक करके रोड शो के रूट और तैयारी पर मन्थन किया।प्रधानमंत्री के रोड शो का जगह-जगह भव्य स्वागत होगा। नरेंद्र मोदी 14 मई को नामांकन दाखिल कर सकते हैं। इस दिन गंगा सप्तमी का शुभ संयोग है।पीएम का रोड शो 13 मई की शाम को होगा, इसके लिए तैयारी शुरू है।रोड शो को भव्य बनाने की प्रमुख कार्यकताओं पर जिम्मेदारी है। 2014 और 2019 में नरेंद्र मोदी ने चुनाव से पहले रोड शो किया था।संगठन चाहता है कि इस बार का रोड शो पहले से ज्यादा भव्य हो। पीएम लंका स्थित मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा पर माल्यर्पण करके रोड शो शुरू करेंगे और उसके बाद अस्सी, सोनारपुरा, जंगम बाड़ी, गोदौलिया, बांसफाटक होते हुए विश्वनाथ कॉरिडोर तक जाएंगे।सामाजिक संगठनों ने पीएम के स्वागत की योजना बनाई है। बीजेपी के कार्यकर्ता प्रधानमंत्री का स्वागत करने के लिए उत्साहित हैं। रोड शो के पूरे रास्ते में कई जगह पुष्प वर्षा की जाएगी तो बनारस की परम्परा के अनुरूप पारम्परिक वेशभूषा में कार्यकर्ता प्रधानमंत्री का अभिवादन करेंगे।माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री 14 मई को वाराणसी से नामांकन करेंगे। सातवें चरण के नामांकन के लिए 14 मई आखिरी तारीखं है। 14 मई को गंगा सप्तमी का शुभ संयोग है। वैशाख शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को गंगा सप्तमी का पर्व मनाया जाता है। मान्यता है कि इस दिन धरती पर मां गंगा का अवतरण हुआ था।

# राजनाथ के समर्थन में रालोद ने शुरू किया प्रचार

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश महासचिव अम्बुज पटेल ने लखनऊ लोकसभा क्षेत्र के यदुनाथ सान्याल वार्ड के कटरा मकबूल गंज क्षेत्र में एनडीए प्रत्याशी राजनाथ सिंह के समर्थन में घर-घर गली-गली प्रचार प्रसार किया। घर-घर जाकर राष्ट्रीय लोक दल लखनऊ के कार्यकताओं ने एनडीए प्रत्याशी के लिए वोट मांगा और एनडीए प्रत्याशी राजनाथ सिंह को भारी वोटो से जिताने की अपील की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष राम सेवक रावत, श्रम प्रकोष्ठ के महासचिव महेशपाल धनगर ,प्रोफेशनल मंच के सचिव मुकेश वर्मा ,प्रोफेशनल मंच के लखनऊ के महानगर अध्यक्ष ऋषभ गुप्ता ,एवं युवा लोक दल के पूर्व प्रदेश सचिव सुमित सिंह, पवन तिवारी,अंकित यादव का सहयोग प्राप्त हुआ।

# लखनऊ में आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने रचा इतिहास

**लखनऊ।** लखनऊ से आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) की छात्रा अर्चिता सिंह ने 12वीं आईएससी बोर्ड परीक्षा में 99.75 प्रतिशत मार्क्स हासिल कर नेशलन टॉपर के रूप में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है. इसके अलावा, अर्चिता ने दो विषयों में 100 प्रतिशत मार्क्स प्राप्त किए हैं. आईएससी बोर्ड ने हाल ही में परिणामों की घोषणा की. अर्चिता सिंह ने अंग्रेजी और कंप्यूटर विज्ञान में 100, गणित में 99, रसायन विज्ञान में 97 और भौतिक विज्ञान में 96 अंकों के साथ कुल 400 मार्क्स में 399 अपने नाम किए हैं। इसके अलावा उन्होंने शारीरिक शिक्षा में 100 मार्क्स हासिल किये.अर्चिता सिंह को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि पर बधाई देते हुए आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के रीजनल डायरेक्टर डॉ. एचआर राव ने कहा, ह्लहम अर्चिता के असाधारण प्रदर्शन पर बहुत गर्व करते हैं, उन्होंने 12वीं आईएससी बोर्ड परीक्षा में प्रभावशाली 99.75 प्रतिशत अंकों के साथ राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष स्थान हासिल किया. यह उपलब्धि उसकी मेहनत, प्रयासों, उसके माता-पिता के अटूट समर्थन और आकाश में प्रदान की गई प्रभावी परीक्षण तैयारी और मार्गदर्शन को दर्शाती है. अर्चिता और हमारे सभी छात्रों को परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए हार्दिक बधाई. हम उनके भविष्य के प्रयासों के लिए उन्हें शुभकामनाएं देते हैं। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) हाई स्कूल और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों के लिए विभिन्न पाठ्यक्रम प्रारूपों के माध्यम से व्यापक आईआईटी-जेईई कोचिंग प्रदान करता है। हाल ही में, आकाश ने कंप्यूटर-आधारित प्रशिक्षण विकसित करने पर अपना ध्यान केंद्रित किया है। इसका अभिनव आई ट्यूटर प्लेटफॉर्म रिकॉर्ड किए गए वीडियो व्याख्यान देता है, जिससे छात्र स्व-पुस्तक सीखने में संलग्न हो सकते हैं और छूटे हुए सत्रों को पकड़ सकते हैं। इसके अलावा, नकली परीक्षण वास्तविक परीक्षा स्थितियों का अनुकरण करते हैं, परीक्षा से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए आवश्यक परिचितता और आत्मविश्वास के साथ छात्रों को लैस करना।

# गांधी परिवार के किले में इलाकाई क्षत्रप भी अहम किरदार कोई एक्टिव तो कोई साइलेंट मोड में

**लखनऊ।** गांधी परिवार की तीसरी पीढ़ी के राहुल गांधी इस बार रायबरेली लोकसभा सीट से सियासी रणभूमि में हैं और उनके मुकाबले बीजेपी के दिनेश प्रताप सिंह और बसपा के ठाकुर प्रसाद यादव है। राहुल गांधी के चुनावी अभियान की कमान उनकी बहन और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने खुद संभाल रखी है। आज बुधवार से रायबरेली में जनसंपर्क-नुक्कड़ सभाएं शुरू कर चुकी हैं। रायबरेली सीट पर नजर सिर्फ यूपी नही बल्कि देशभर की है, क्योंकि मैदान में राहुल गांधी हैं। रायबरेली गांधी परिवार का गढ़ माना जाता है। फिरोज गांधी से लेकर इंदिरा गांधी और सोनिया गांधी तक प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। रायबरेली की सियासत में गांधी परिवार ही काबिज रहा लेकिन यहां कई सियासी क्षत्रप हैं, जिनका अपना-अपना रसूख है। रायबरेली में राहुल गांधी बनाम दिनेश प्रताप सिंह के बीच मुकाबला है लेकिन नजर जिले के सियासी मठाधीशों पर भी है। दिनेश प्रताप सिंह के लिए चुनौती अपनों की भितरघात की है, तो कांग्रेस के लिए सहयोगी दल सपा के नेताओं का विश्वास जीतने की है। बाहुबली अखिलेश सिंह अब दुनिया में नहीं हैं लेकिन उनकी बेटी अदिति सिंह से लेकर उनके भतीजे मनीष सिंह तक सियासत में हैं।अदिति सिंह बीजेपी से विधायक हैं। राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग करने वाले सपा के विधायक मनोज पांडेय बीजेपी खेमे में खड़े हैं लेकिन कितना काम कर रहे,यह मायने रखेगा।रायबरेली में पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य का अपना जनाधार है। पूर्व विधायक धीरेंद्र सिंह और पूर्व एमएलसी राजा राकेश प्रताप सिंह भी हैं। ये सभी क्या सियासी गुल खिलाएंगे, यह मैटर करेगा।रायबरेली की सियासत में सपा विधायक मनोज पांडेय ब्राह्मण चेहरे के तौर पर उभरे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

